भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 292 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 29 अप्रैल ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## कार्यकर्ता समाधान वाली बात ही रखें, बेवजह माहौल खराब न करें: सीएम भजनलाल शर्मा






**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं को नसीहत देते हुए कहा कि जहां समस्या का समाधान संभव हो, वहीं अपनी बात रखें। बिना वजह कई जगह शिकायतें करने से संगठन और जनता के बीच नकारात्मक माहौल बनता है। उन्होंने कहा कि जनता के बीच किस तरह का वातावरण बनाना है, यह जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की है। सीएम मंगलवार को बीजेपी प्रदेश कार्यालय में आयोजित पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण महाभियान की प्रदेश स्तरीय योजना बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, जिला संयोजक सहित प्रशिक्षण अभियान से जुड़े नेता मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि अक्सर कार्यकर्ता कहते हैं कि मंत्री और विधायक काम नहीं कर रहे, लेकिन जिस व्यक्ति का काम लेकर वे जाते हैं, वही कई बार परेशानी का कारण बनता है। ऐसे में कार्यकर्ताओं को अपने दायित्व को गंभीरता से निभाना चाहिए। संगठन ने हर व्यक्ति का चयन सोच-समझकर किया है और समय आने पर सभी को अवसर मिलेंगे।

सीएम ने स्पष्ट कहा कि जो कार्यकर्ता काम करेगा, उसी की छवि बनेगी। संगठन हर गतिविधि पर नजर रखे हुए है। अच्छा प्रदर्शन करने वालों को आगे बढ़ने के ज्यादा अवसर दिए जाएंगे।

जिलाध्यक्षों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं में काम का समान रूप से बंटवारा किया जाए।

जो कार्यकर्ता जिम्मेदारी नहीं निभाएंगे, उन्हें भविष्य में मौका नहीं मिलेगा।

उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश की प्राथमिकताओं के अनुसार पानी और बिजली के मुद्दों पर तुरंत काम शुरू किया है। प्रदेश की कोई भी विधानसभा ऐसी नहीं है जहां काम नहीं हो रहा हो। अब कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का जिक्र करते हुए सीएम ने अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि जब वे महामंत्री के रूप में सिरोही प्रशिक्षण देने गए थे, तब उनके लिए होटल की व्यवस्था की गई थी, लेकिन उन्होंने उसे अस्वीकार कर मंदिर में रहना पसंद किया। उनका कहना था कि वे वहां नई पीढ़ी को सीखने और सिखाने के उद्देश्य से गए थे।

सीएम ने यह भी कहा कि वे पांच अध्यक्षों के साथ काम कर चुके हैं और हमेशा संगठन के निर्देशों को प्राथमिकता दी है।

## भीषण आग से दो दुकानों में लाखों का नुकसान, 4 घंटे बाद पाया काबू

### शॉर्ट सर्किट की आशंका, दमकल ने दीवार तोड़कर बुझाई आग





**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

कस्बे में मंगलवार को भीषण आग ने दो दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया।

जानकारी के अनुसार आग तड़के करीब 1 बजे जयसिंह मीणा निवासी बेई की दुकान में शॉर्ट सर्किट या अन्य कारणों से लगना बताया जा रहा है। आग इतनी तेजी से फैली कि पास की एक अन्य दुकान भी इसकी चपेट में आ गई।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस गश्ती दल मौके पर पहुंचा और भीड़ को नियंत्रित करते हुए राहत कार्य शुरू करवाया।

वहीं, सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने करीब 3 से 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकानों के शटर नहीं खुल पाने के कारण दमकल कर्मियों को दीवार तोड़कर अंदर प्रवेश करना पड़ा।

इस हादसे में राहत की बात यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आर्थिक नुकसान काफी बड़ा हुआ है। एक दुकान में करीब 25 से 30 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया, जबकि दूसरी दुकान में लगभग 10 से 12 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है।

आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि आसपास के मकानों तक इसका असर पहुंचा। कई घरों की दीवारों में दरारें आ गईं, वहीं कुछ मकानों की छतों को भी नुकसान हुआ।

फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## राजस्थान संपर्क 181 बना देश का सर्वश्रेष्ठ शिकायत निवारण सिस्टम, मुख्य सचिव-डीजीपी ने किया निरीक्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राज्य में सुशासन और अपराधों के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' नीति को मजबूत करने के उद्देश्य से मंगलवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क 181 हेल्पलाइन केंद्र का उच्च स्तरीय निरीक्षण किया गया। मुख्य सचिव सुधांश पंत और पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ एक केस-स्टडी के जरिए शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता भी परखी।

निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने कॉल सेंटर की कार्यप्रणाली, शिकायतों की प्रगति और उनके निस्तारण की गुणवत्ता की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि आमजन को तेज और प्रभावी सेवाएं मिलना प्राथमिकता होनी चाहिए।



निरीक्षण के बाद मुख्य सचिव ने संदेश पट्ट पर राजस्थान संपर्क पोर्टल की सराहना करते हुए इसे 'देश की सर्वश्रेष्ठ शिकायत निवारण प्रणाली' बताया। उन्होंने कहा कि शिकायत दर्ज होने से लेकर तार्किक समाधान तक की डिजिटल प्रक्रिया अन्य राज्यों के लिए मॉडल बन चुकी है।

वहीं, डीजीपी ने हेल्पलाइन केंद्र में शिकायतों की लाइव सुनवाई का अनुभव लिया और इसे 'आई-ओपनर' बताते हुए कहा कि यह प्रणाली जनसुनवाई तंत्र को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित हो रही है।

निरीक्षण के दौरान जयपुर ग्रामीण के फागी क्षेत्र के एक प्रकरण की समीक्षा की गई, जिसमें परिवादी हेमराज बुनकर ने एफआईआर दर्ज नहीं होने की शिकायत की थी। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि शिकायत के दिन ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई थी।

डीजीपी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का सही श्रेणीकरण, सटीक विषय निर्धारण और उचित स्तर पर मैपिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि हर प्रकरण का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान हो सके। साथ ही, सर्विस डिलीवरी से जुड़े मामलों को प्राथमिकता देते हुए लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए।

**95' मामलों का निस्तारण, सिस्टम की प्रभावशीलता साबित**

संपर्क पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार, पिछले एक वर्ष में पुलिस विभाग से जुड़े 1,60,292 प्रकरण दर्ज हुए, जिनमें से 1,52,444 मामलों का सफल निस्तारण किया जा चुका है। करीब 95 प्रतिशत निस्तारण दर इस सिस्टम की दक्षता और त्वरित कार्रवाई को दर्शाती है।

## अवैध पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार

### नाकाबंदी के दौरान पकड़ा गया आरोपी, आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थ एवं अवैध हथियार तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत माण्डल थाना पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि 26 अप्रैल को थाना पुलिस टीम गश्त के दौरान माण्डल चौराहे पर मौजूद थी, तभी डीएसटी से मिली सूचना के आधार पर भदाली खेड़ा के आगे गौरव पथ पर नाकाबंदी की गई। इस दौरान रायला की ओर से आ रही एक मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक पुलिस को देखकर वापस मुड़ने लगा। संदेह के आधार पर युवक को रोककर पूछताछ की गई, जिसने अपना नाम सोहिल खान (19) निवासी निम्बाहेड़ा कलां, थाना बनेड़ा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध पिस्टल मय मैगजीन बरामद हुई। पुलिस ने मोटरसाइकिल और हथियार को जब्त कर लिया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी आयुष श्रोत्रिय (आईपीएस प्रोबेशनर) के नेतृत्व में उपनिरीक्षक हेमेन्द्र सिंह, कैलाश चंद्र सहित पुलिस टीम ने अहम भूमिका निभाई। डीएसटी के कांस्टेबल रमेश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों का भी विशेष योगदान रहा।

## गुमशुदा बुजुर्ग यशवंत पारीक का शव 4 दिन बाद आरसीएम सर्किल के पास खाली भूखंड में मिला,फैली सनसनी,पुलिस जुटी जांच में

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**पुनित चपलोत**





शहर के शास्त्री नगर निवासी 72 वर्षीय बुजुर्ग यशवंत पारीक, जो पिछले 4 दिनों से लापता थे, उनका शव मंगलवार को हरणी महादेव रोड स्थित आरसीएम सर्किल के पास एक खाली भूखंड में बरामद हुआ है। इस दुखद खबर के बाद मृतक के परिवार और समाज में शोक की लहर दौड़ गई है।

डीएसपी (सिटी) सज्जन सिंह ने बताया कि यशवंत पारीक 24 अप्रैल को सुबह 7:30 बजे अपने घर से निकले थे और वापस नहीं लौटे। कोतवाली थाने में दर्ज गुमशुदगी के बाद पुलिस टीमें लगातार उनकी तलाश कर रही थीं। सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस की टीम दादीधाम के पास आरसीएम सर्किल स्थित एक खाली भूखंड पर पहुंची, जहां झाड़ियों के बीच उनका शव मिला।डीएसपी ने बताया कि शव करीब 3-4 दिन पुराना है, जिससे वह विक्षत अवस्था में पहुंच गया था। मृतक के परिजनों ने मौके पर पहुंचकर यशवंत पारीक के रूप में उनकी शिनाख्त कर ली है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एफएसएल ) और एमओबी (MOB) टीमों को मौके पर बुलाया है ताकि मौत के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके

पुलिस के अनुसार, फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डीएसपी सज्जन सिंह ने स्पष्ट किया कि परिजनों की ओर से जो भी रिपोर्ट दी जाएगी, उसके आधार पर मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## स्विफ्ट कार से 14.720 किलो डोडा चूरा बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

डीएसटी टीम और मांडलगढ़ थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक स्विफ्ट कार से 14.720 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने थानाधिकारी घनश्याम मीणा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर कार्रवाई को अंजाम दिया ।

पुलिस ने बताया की 28 अप्रैल को डीएसटी प्रभारी अशोक कड़वा को सूचना मिली कि एक ग्रे रंग की स्विफ्ट कार काटूंदा मोड़ से लाडपुरा की ओर जा रही है, जिसमें संदिग्ध व्यक्ति सवार हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने श्रीजी पेट्रोल पंप राट्याखेड़ा के आगे नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध कार को रोकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक ने यू-टर्न लेकर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा कर रामपुरिया-धाकड़खेड़ी रोड पर वाहन को रोक लिया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम रतन लाल मीणा (33) निवासी शिवपुरा, थाना पारसोली जिला चित्तौड़गढ़ बताया।

वाहन की तलाशी लेने पर एक काले कट्टे में 14.720 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा मिला। पुलिस ने मादक पदार्थ व वाहन को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में मांडलगढ़ थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# 12 साल पुराने लूट-हत्या मामले में आरोपी को उम्रकैद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में वर्ष 2014 में हुए चर्चित लूट और हत्या के मामले में अदालत ने अहम फैसला सुनाते हुए आरोपी रफीक मोहम्मद को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय संख्या-02 ने मामले की सुनवाई पूरी करते हुए यह निर्णय दिया। इससे पहले इसी प्रकरण में चार अन्य आरोपी राकेश, रामा, राजू और करण कंजर को भी उम्रकैद की सजा सुनाई जा चुकी है।

अपर लोक अभियोजक राजेन्द्र कुमार गुर्जर ने बताया कि घटना 16 अक्टूबर 2014 की है। मंगरोप थाना क्षेत्र के काबरा गांव निवासी रामचन्द्र और उनकी पत्नी श्यामू देवी रात के समय अपने मकान के बाहर सो रहे थे। इसी दौरान बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया।

हमलावरों ने श्यामू देवी के सोने के जेवर मांदलिया, सिर का बोर और कानों की टोटियां लूट लीं। वहीं रामचन्द्र के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए और उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।पुलिस ने मामले में धारा 173(8) सीआरपीसी के तहत आगे जांच करते हुए रफीक मोहम्मद को गिरफ्तार किया और उसके खिलाफ चालान पेश किया।

ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष ने 27 गवाहों और 50 दस्तावेजों को अदालत में प्रस्तुत किया। साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# जैन दिवाकर महिला मंडल द्वारा नवकार जाप एवं केवल ज्ञान महोत्सव का आयोजन



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

श्री जैन दिवाकर महिला मंडल द्वारा प्रति माह आयोजित होने वाले ग्यारस जाप के क्रम में इस माह वैशाख सुदी ग्यारस के पावन अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धा और भक्ति के साथ नवकार महामंत्र का जाप किया गया तथा भगवान महावीर स्वामी का केवल ज्ञान महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

मंडल की अध्यक्ष लाड मेहता ने बताया कि जैन धर्म के अनुसार भगवान महावीर स्वामी ने 30 वर्ष की आयु में दीक्षा ग्रहण की थी और कठोर तपस्या के 12 वर्षों के पश्चात 42 वर्ष की आयु में वैशाख सुदी दशमी के दिन उन्हें केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई। इसके उपरांत वैशाख सुदी ग्यारस को चतुरविध श्री संघ की स्थापना हुई, जो जैन धर्म के इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण दिवस माना जाता है।

मंत्री सुनीता गांधी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान अर्चना मेहता ने इस दिवस के धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही उपस्थित महिलाओं के बीच प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें 'जैन श्राविका ही हमारी पहचान है' जैसे भजनों के माध्यम से वातावरण भक्तिमय हो गया।

मनीष बम्ब ने बताया की कार्यक्रम में मंडल की अनेक सदस्याएं उपस्थित रहीं, जिनमें प्रमुख रूप से शकुंतला बोहरा, निर्मला भड़कतिया, सुमित्रा बोथरा, सुशीला सिपानी, रेखा चौधरी, नीलम कांकरिया, सुनीता कोठारी, अलका जामड़, सरिता बाबेल, मधु चौधरी, मीना बुरड़, रितिका भड़कतिया सहित अन्य महिलाएं शामिल रही ।

# पर्यटन विकास हेतु राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (NSS) का विशेष अभियान शुरू



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (हस्स) के 80वें दौर के अंतर्गत शहर में पर्यटन गतिविधियों तथा उनके आर्थिक एवं सामाजिक प्रभावों के आकलन के लिए एक विशेष सर्वेक्षण अभियान 8 मई तक संचालित रहेगा। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उपनिदेशक डॉ. सोनल राज कोठारी ने बताया कि जिले में पर्यटन क्षेत्र की संभावनाओं की पहचान, विकास एवं सुदृढ़ नीति निर्माण के लिए यह डेटा संग्रहण अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने बताया कि विभाग के प्रशिक्षित प्रगणकों द्वारा शहर के चार चयनित ब्लॉकों में सर्वेक्षण कार्य किया जाएगा, जिनमें-

स्टेशन रोड, झूलेलाल मंदिर के आसपास का क्षेत्र
बड़ा मंदिर, भीमगंज स्कूल के पीछे का क्षेत्र
एफसीआई गोदाम के पास का क्षेत्र बापू नगर, लेबर कॉलोनी के सामने का क्षेत्र शामिल है ।

उपनिदेशक ने इन क्षेत्रों के निवासियों, व्यवसायियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों से अपील की है कि जब विभाग के अधिकृत प्रगणक पहचान-पत्र के साथ उनके द्वार पर पहुंचें, तो वे अपने प्रवास, यात्रा एवं पर्यटन से संबंधित सटीक एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं।

# गृह रक्षा प्रशिक्षण भर्ती 2022 की चयन सूची जारी

## 64 पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन, नोटिस बोर्ड व वेबसाइट पर उपलब्ध हुई सूची




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

गृह रक्षा प्रशिक्षण भर्ती 2022 के तहत जिले में चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। चयनित उम्मीदवार कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं विभागीय वेबसाइट पर अपना नाम देख सकते हैं।

गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, भीलवाड़ा के कमाण्डेन्ट ललित बिहारी व्यास ने बताया कि वर्ष 2022 की नामांकन प्रक्रिया 19 से 21 मार्च 2026 तक आयोजित की गई थी। यह प्रक्रिया गृह रक्षा राजस्थान, जयपुर के निदेशालय द्वारा गठित चयन समिति की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 64 रिक्त पदों के लिए पात्र अभ्यर्थियों की बोर्ड प्रोसिडिंग एवं चयन सूची अनुमोदन के पश्चात प्रशिक्षण केन्द्र को प्राप्त हो गई है।चयनित अभ्यर्थियों को कार्यालय समय में उपस्थित होकर नोटिस बोर्ड पर चस्पा सूची में अपना नाम देखने के लिए कहा गया है। इसके अलावा अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट के माध्यम से भी चयन सूची की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# मां जानकी प्रकटोत्सव पर मातृशक्ति का भक्ति कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




पांसल स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर में विश्व हिंदू परिषद की मातृशक्ति प्रखंड सात द्वारा मां जानकी के प्रकटोत्सव पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विभाग सह संयोजिका लक्ष्मी वर्मा ने बताया कि मातृशक्ति प्रांत संयोजिका अलका दीदी का पाथेय प्राप्त हुआ। अपने बौद्धिक में उन्होंने मां जानकी के जीवन का प्रेरणादायक वर्णन करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

इस अवसर पर सत्संग सह प्रमुख सुशीला राजपूत एवं प्रखंड संयोजिका सरोज पालीवाल द्वारा आचार पद्धति संपन्न करवाई गई तथा सीता के भजनों का मधुर गायन किया गया। उपस्थित मातृशक्ति ने भजनों का श्रद्धा भाव से आनंद लिया।

कार्यक्रम का समापन जयघोष एवं शांति पाठ के साथ हुआ, जिसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में लगभग 40 बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# 'भीलवाड़ा में 15 दिवसीय 'ग्राम रथ अभियान' का शुभारंभ

## हर पंचायत तक पहुंचेगा ग्राम-2026 एवं 13 विभागों की योजनाओं का संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट-2026 (ग्राम-2026) के प्रचार-प्रसार को अंतिम छोर तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्रों से ग्राम रथ अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। जनप्रतिनिधियों ने अपने विधानसभा क्षेत्रों से विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर जिले की ग्रामीण विधानसभाओं के लिए रवाना किया। इस अवसर पर लोक कलाकारों ने पारंपरिक गीतों एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से योजनाओं पर आकर्षक प्रस्तुति दी।

जिला कलक्टर ने श्री जसमीत सिंह संधू ने बताया कि यह अभियान आगामी 15 दिनों तक जिले की ग्रामीण क्षेत्रों की समस्त विधानसभाओं आसींद, सहाड़ा, मांडलगढ़, शाहपुरा, मांडल एवं जहाजपुर विधानसभा क्षेत्रों की समस्त ग्राम पंचायतों में संचालित होगा। अभियान के दौरान कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य, सहकारिता, सिंचाई, उद्योग, ऊर्जा, राजस्व, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास सहित 13 विभागों की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी। रथों के माध्यम से योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री का वितरण भी किया जाएगा।

जिला कलक्टर श्री जसमीत सिंह संधू ने कहा कि 'ग्राम रथ अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकार की कृषि, पशुपालन एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी जनहितैषी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना है। रथ केवल वाहन नहीं, बल्कि विकास का संदेशवाहक है।' उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गांव-गांव जाकर आमजन से सीधा संवाद स्थापित करें और पूर्ण संवेदनशीलता के साथ उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करें।

इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक रथ में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से योजनाओं की ऑडियो-वीडियो प्रस्तुति की व्यवस्था की गई है। साथ ही, कला जत्थों के लोक कलाकार प्रतिदिन फील्ड में प्रस्तुति देकर जागरूकता को रोचक बनाएंगे। रथों में सुझाव पेटिका भी उपलब्ध रहेगी, जिसमें ग्रामीण अपनी समस्याएं एवं सुझाव डाल सकेंगे ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में सुधार किया जा सके।

जिला प्रशासन ने सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आमजन से अपील करे कि 'ग्राम रथ' के ग्राम पंचायत में पहुंचने पर अधिक से अधिक संख्या में भाग लें, योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और पात्रता अनुसार लाभ उठाएं।

# दो दिवसीय आयुर्वेद अग्निकर्म-विद्धकर्म चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



**मानव तिवाड़ी।** आयुर्वेद विभाग एवं विश्व आयुर्वेद परिषद के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय आयुर्वेद अग्निकर्म एवं विद्धकर्म चिकित्सा शिविर का आयोजन मंगलवार एवं बुधवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया जा रहा है।

शिविर का शुभारंभ प्राचार्य दिलीप सिंह द्वारा भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर विधिवत किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया।

ब्लॉक प्रभारी डॉ. संजय नागर ने बताया कि शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सीमा नागर एवं डॉ. रिजवाना खान द्वारा विशेष सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। वहीं विद्धकर्म विशेषज्ञ डॉ. अजय यादव एवं अग्निकर्म विशेषज्ञ डॉ. संजय नागर द्वारा भी मरीजों का उपचार किया जा रहा है। शिविर में हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, टाइफाइड एवं ब्लड प्रेशर (बीपी) की जांच सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे मरीजों को समग्र स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

शिविर के सफल संचालन में कंपाउंडर रतनलाल, बंशीलाल, सीमा जाट, संजू गुर्जर एवं परिचारक सूर्यभान का सराहनीय सहयोग रहा।प्रथम दिन कुल 71 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ एवं परामर्श प्रदान किया गया। आयोजकों ने बताया कि ऐसे दो दिवसीय विशेष शिविर प्रत्येक माह आयोजित किए जाएंगे।

# निर्माणाधीन एनीकट व मेजा नहर मरम्मत कार्यों का विधायक कोठारी ने किया निरीक्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने मंगलवार को उपनगर पुर के समीप स्थित कानुडा तालाब पर निर्माणाधीन एनीकट तथा शहरी क्षेत्र से गुजर रही मेजा नहर के मरम्मत कार्यों का अवलोकन कर विभागीय अधिकारियों और संबंधित ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

विधायक कोठारी ने आशा व्यक्त की कि एनीकट निर्माण पूर्ण होने के बाद तालाब के पानी का रिसाव कम होगा तथा क्षेत्र के भू-जल स्तर में बढ़ोतरी होगी। इससे किसानों को सिंचाई में लाभ मिलेगा और फसलों के उत्पादन में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि पूर्व में इन क्षेत्रों में प्रति बीघा लगभग आठ बोरी गेहूं का उत्पादन होता था, जो एनीकट निर्माण के बाद बढ़कर प्रति बीघा दस बोरी तक पहुंचने की संभावना है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और क्षेत्र में कृषि विकास को गति मिलेगी।

उन्होंने बताया कि कानुडा तालाब क्षेत्र में लगभग 800 बीघा तथा सातोला तालाब क्षेत्र में करीब 500 बीघा भूमि पर कृषि कार्य होता है। जलस्तर में सुधार होने से इन क्षेत्रों के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी होगी। विधायक कोठारी ने कानुडा तालाब से मुख्य राजमार्ग को जोड़ने वाली सड़क की जर्जर अवस्था देख तत्काल निर्माण करने के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश भी दिए।

इसके बाद विधायक कोठारी ने आवरी माता मंदिर से औद्योगिक क्षेत्र के मध्य से गुजर रही मेजा नहर के मरम्मत कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को मरम्मत कार्य में उच्च गुणवत्ता की सामग्री उपयोग में लेने के निर्देश देते हुए कहा कि आमज के हितों से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने शहरी क्षेत्र से गुजर रही मेजा नहर के दोनों और सुरक्षा दीवार जाली सहित बनाने के निर्देश दिए।

इस दौरान जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता, अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता एव गुणवत्ता नियंत्रक विभाग अजमेर के अधिकारी भी साथ थे।

इस दौरान रामेश्वर लाल छीपा, एडवोकेट अर्पित कोठारी, विश्व नाथ प्रताप सिंह, नोरत मल पानगडिया , सत्य नारायण गुग्गड़, रघु नैनावटी दिनेश सुथार, हरिओम मारू, अरुण बिश्नोई, दीपक कुमार, सहित अनेक ग्रामीण एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



QUICK BITES

## टीबी मुक्त भारत अभियान के 100 दिवसीय विशेष अभियान का पोस्टर विमोचन

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।




ब्लॉक में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय विशेष अभियान के पोस्टर का विमोचन किया गया। यह अभियान क्षेत्र को क्षय रोग (टीबी) से पूर्णतः मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

अभियान के पोस्टर का विमोचन मांडलगढ़ विधायक गोपाल खण्डेलवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर खण्डेलवाल ने कहा कि चिकित्सा विभाग और आमजन के सामूहिक सहयोग से मांडलगढ़ को टीबी मुक्त बनाना संभव है और सभी को इसमें सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

कार्यक्रम में ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपाल यादव, रामेश्वर खंडेलवाल, रिंकू केपी, दिनेश धाकड़, राजकुमार छिपा, जलधारी मीणा, निकिता मीणा सहित स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विकास रथ' का शुभारंभ, गांव-गांव पहुंचेगी योजनाओं की जानकारी

### एलईडी मोबाइल वैन के जरिए ग्रामीणों को किया जाएगा जागरूक

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा



(परमेश्वर )। राज्य सरकार के 'एलईडी मोबाइल वैन ग्राम रथ अभियान' के तहत शाहपुरा क्षेत्र में विकास रथ यात्रा का भव्य शुभारंभ किया गया। शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने चमनपुरा ग्राम से रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उत्साह का माहौल देखने को मिला और ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत किया।

विधायक डॉ. बैरवा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों, पशुपालकों और आमजन तक जनकल्याणकारी योजनाओं की सही जानकारी पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि एलईडी मोबाइल वैन के माध्यम से वीडियो, ऑडियो व दृश्य सामग्री के जरिए योजनाओं का प्रचार-प्रसार गांव-गांव तक किया जाएगा।

अभियान के तहत कृषि, पशुपालन, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, रोजगार और आधारभूत विकास से जुड़ी योजनाओं के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा, जिससे पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा मिलेगी।

कार्यक्रम में राजाधिराज बनेड़ा गोपाल चरण सिंह, लक्ष्मी लाल सोनी, मंडल अध्यक्ष अशोक चेचाणी, भाजपा नेता भैरूलाल लक्षकार, एसडीएम श्रीकांत व्यास, बीडीओ गणेश , सरपंच माया देवी गुर्जर सहित कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# काशीपुरी धाम में एकादशी पर भव्य श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन, भक्तगण हो उठे भाव-विभोर

### प्रसिद्ध भजन गायिका अद्विती तापड़िया इंदौर ने दी मधुर श्याम भजनों की प्रस्तुतियां, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



काशीपुरी धाम स्थित श्री श्याम मंदिर में एकादशी के पावन अवसर पर भव्य श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस दिव्य कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर बाबा श्याम के चरणों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और भक्ति रस में सराबोर हो गए। मंदिर परिसर को आकर्षक सजावट, रंग-बिरंगी रोशनी और पुष्पों से सुसज्जित किया गया था। विशेष रूप से बाबा श्याम का अद्भुत एवं मनमोहक श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। यह अलौकिक श्रृंगार पुजारी रूपेंद्र शुक्ला एवं रवि पंडित द्वारा अत्यंत भक्ति भाव से किया गया, जिसे देखकर भक्तगण भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम की शुरुआत सायं 7.15 बजे भजन संध्या से हुई, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायिका अद्विती तापड़िया (इंदौर) द्वारा मधुर श्याम भजनों की प्रस्तुति दी गई। 'हारे के सहारे ', 'श्याम तेरी बंशी पुकारे' जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा वातावरण श्याममय हो गया। श्री श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेश पोद्धार ने बताया कि एकादशी के अवसर पर हर माह विशेष आयोजन किया जाता है, लेकिन इस बार का संकीर्तन बैशाख माह होने से विशेष रूप से भव्य रहा। उन्होंने कहा कि 'बाबा श्याम की कृपा से आज का कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा और इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।' वहीं मीडिया प्रभारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करना और लोगों को भक्ति मार्ग से जोड़ना है। उन्होंने सभी सहयोगकर्ताओं, भजन मंडली एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

एकादशी का महत्व बताते हुए विद्वानों ने कहा कि ग्यारस का दिन भगवान विष्णु एवं उनके अवतारों की आराधना के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन व्रत, भजन-कीर्तन और दान-पुण्य करने से विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती है तथा मन की शांति एवं आध्यात्मिक उन्नति होती है। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन ने काशीपुरी धाम को भक्ति और उल्लास के रंगों से सराबोर कर दिया। इस भव्य आयोजन ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि बाबा श्याम के प्रति श्रद्धा और आस्था दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

# महाविद्यालय प्रबंधन पर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ ओर अवैध वसूली के आरोप, छात्र छात्राओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

( पुनित चपलोत )



जिले के बिजोलिया स्थित श्री जी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने संस्थान प्रबंधन पर मानसिक शोषण, अवैध वसूली और जातिगत अपमान करने के गंभीर आरोप लगाते हुए मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को शिकायत सौंपी है। विद्यार्थियों का आरोप है कि महाविद्यालय के निदेशक ऋतुराज पाण्डेय और प्राचार्या वन्दना पाण्डेय द्वारा उन्हें परीक्षा में बैठने से रोका जा रहा है और भविष्य खराब करने की धमकियां दी जा रही हैं। छात्रों ने बताया कि उन्होंने नियमानुसार पी.टी.ई.टी. परीक्षा के माध्यम से प्रवेश लिया था और सभी शुल्क चालान द्वारा जमा कराए जा चुके हैं, इसके बावजूद संस्थान प्रबंधन अतिरिक्त फीस के नाम पर अवैध वसूली कर रहा है। मना करने पर छात्रों को प्रैक्टिकल में फेल करने और परीक्षा से वंचित करने का डर दिखाया जा रहा है।

शिकायत में छात्रों ने संस्थान के पदाधिकारियों पर दलित वर्ग के विद्यार्थियों के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने और उनसे शौचालय की सफाई करवाने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि 6 मई 2026 से यूनिवर्सिटी के मुख्य एग्जाम शुरू होने वाले हैं, लेकिन उन्हें जानबूझकर इंटरनल एग्जाम में नहीं बैठने दिया जा रहा है। छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि संस्थान द्वारा उन छात्रों को अवैध लाभ लेकर परीक्षा में बैठाया जा रहा है जो नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहते, जबकि नियमित विद्यार्थियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। पीड़ित छात्र-छात्राओं ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। वही मामले को लेकर निदेशक ऋतुराज पांडेय ने कहा कि छात्रों द्वारा लगाए गए आरोप निराधार है , महाविद्यालय में किसी प्रकार की फाइन वसूली का नियम नहीं है , किसी भी बच्चे के साथ अपमानजनक व्यवहार नहीं किया गया है ।

# छाजेला का खेड़ा में विकास कार्यों का शिलान्यास, सड़क व स्कूल को मिली सौगात

### करीब 4 करोड़ की सड़क और 17 लाख के टीन शेड निर्माण कार्य शुरू





भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़ ।

ग्राम छाजेला का खेड़ा में मंगलवार को विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक गोपीचंद मीणा ने दो प्रमुख विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया।

कार्यक्रम के तहत स्ध्ठक्र7 मार्ग से छाजेला का खेड़ा (मुंडी भट्टा से रूणिया बरड़ा तक) लगभग 5 किलोमीटर सड़क के नवीनीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य की शुरुआत की गई, जिसकी लागत करीब 4 करोड़ रुपये है। इसके साथ ही शहीद रतन लाल मीणा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में 17 लाख रुपये की लागत से टीन शेड निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया।

विधायक मीणा ने कहा कि सड़क निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और विकास को गति मिलेगी। वहीं विद्यालय में टीन शेड बनने से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा।

इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि किशोर शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष गाडौली महेंद्र तिवारी, विधानसभा संयोजक भेरूलाल टांक, ग्राम पंचायत कोराडिया के प्रशासक अजीत लाल मीणा, उपसरपंच लोकेश रेगर, पूर्व सरपंच माया देवी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन सुरेश कुमार मीणा ने किया। अंत में अतिथियों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया गया।

## पति को फँसाने के लिए अश्लील वीडियो वायरल करने के मामले में पत्नी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पति को फँसाने के लिए खुद का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने के चर्चित प्रकरण में गांधीनगर थाना पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार कुछ समय पूर्व पीड़ित पति ने गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए अपनी पत्नी पर गंभीर आरोप लगाए थे। रिपोर्ट में बताया गया कि वर्ष 2022 में विवाह होने के बाद से ही पत्नी द्वारा उसे झूठे आरोपों में फँसाने और दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा था।

करीब एक माह पूर्व पति को पत्नी की सोशल मीडिया चैट से एक अन्य युवक के साथ उसके संबंधों की जानकारी मिली। आरोप है कि इसी दौरान पत्नी ने अपने ही पति को फँसाने के उद्देश्य से बाथरूम में नहाते हुए अपना अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया और इसका आरोप पति पर लगा दिया।

पुलिस जांच में सामने आया कि उक्त वीडियो महिला द्वारा स्वयं बनाया गया और उसी के द्वारा वायरल किया गया था।

ज्ञातव्य है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित पति ने जिला पुलिस अधीक्षक को रिपोर्ट देकर कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद करीब एक माह पश्चात अनुसंधान अधिकारी बदले जाने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।पुलिस द्वारा प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

## पानी की मांग को लेकर महिलाओं का विरोध, सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर

(गजानंद जोशी)। क्षेत्र के बिंदियाभाटा गांव में पानी की समस्या को लेकर महिलाओं और ग्रामीणों ने मंगलवार को सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। लंबे समय से जल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों ने अपनी मांग पूरी नहीं होने पर नाराजगी जताई। ग्रामीणों के अनुसार वे काफी समय से पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं और इस संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराया गया था, लेकिन समाधान नहीं होने पर मजबूर होकर उन्हें विरोध प्रदर्शन करना पड़ा।

इसी दौरान जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा गांव में विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास के लिए पहुंचे थे। महिलाओं ने विधायक के समक्ष अपनी समस्या रखते हुए कहा कि जब पीने का पानी ही उपलब्ध नहीं है तो अन्य विकास कार्यों का कोई महत्व नहीं है। उन्होंने सबसे पहले पेयजल समस्या के समाधान की मांग की। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से समझाइश कर मामला शांत कराया तथा जाम खुलवाया।



ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से पानी की किल्लत बनी हुई है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की है।

# मुख्यमंत्री ग्राम विकास रथ का हुआ भव्य शुभारंभ

## ढाणी-ढाणी तक पहुँचेगी योजनाओं की जानकारी, मौके पर ही गाडोलिया लोहार समाज की समस्या का समाधान


बिजोलिया । रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाते हुए



भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया

**रमेश गुर्जर।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु 'मुख्यमंत्री ग्राम विकास रथ' का शुभारंभ मंगलवार को बिजोलिया मंडल के रसदपुरा (आरोली) से किया गया। मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने शिव मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना कर रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि यह विकास रथ मंडल की प्रत्येक ग्राम पंचायत और ढाणी तक पहुंचेगा, जिससे आमजन को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी मिल सकेगी और पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित होगा।

**गाडोलिया लोहार समाज को मिली राहत**

कार्यक्रम के दौरान गाडोलिया लोहार समाज के लोगों ने आवासीय पट्टों से जुड़ी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। इस पर विधायक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर समस्या के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। समस्या का समाधान होने पर समाज के लोगों ने आभार व्यक्त किया।

**अधिकारी और जनप्रतिनिधि रहे मौजूद**

शुभारंभ कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, उपखंड अधिकारी अजीत सिंह, तहसीलदार ललित डिडवानिया, विकास अधिकारी अशेष शर्मा, फोरमैन गिरिराज मीणा, सीबीईओ मालीराम अहीर, मंडल महामंत्री मुकेश धाकड़ सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बाबा बर्फानी' बने गोपालेश्वर महादेव

# मोहिनी एकादशी पर 13 किलो बर्फ से साकार हुआ अमरनाथ स्वरूप

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

भीषण गर्मी के बीच धर्मनगरी आसींद में मोहिनी एकादशी पर श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। नगर के प्राचीन श्री गोपालेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का 'बाबा बर्फानी' के रूप में भव्य श्रृंगार किया गया, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

मंदिर के पुजारी शुभांशु शंकर शर्मा के सानिध्य में भक्त मुकेश सोनी, सुनील सोनी, मोहित सोनी, रोहित सोनी और दीपक सोनी की टीम ने करीब दो घंटे की मेहनत से 13 किलो बर्फ का उपयोग कर अमरनाथ की तर्ज पर बाबा बर्फानी की आकर्षक झांकी तैयार की। इस दौरान आचार्य सर्वेश्वर शरण शास्त्री (पुष्कर) की टीम द्वारा विशेष मंत्रोच्चारण एवं जलाभिषेक किया गया, जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया।





जैसे ही शाम को मंदिर के पट खुले, श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा परिसर 'हर-हर महादेव' व 'ओम नमः शिवाय' के जयकारों से गूंज उठा। भीषण गर्मी के बीच महादेव का यह हिम स्वरूप भक्तों को शीतलता और आध्यात्मिक शांति प्रदान कर रहा था।

श्रद्धालु ओमप्रकाश सोनी एवं गौतम सोनी ने बताया कि बाबा का यह स्वरूप साक्षात हिमालय की अनुभूति कराता है। दर्शनों का उत्साह इतना अधिक रहा कि दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचते रहे।

संध्या को विशेष महाआरती का आयोजन किया गया, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। मंदिर पुजारी के अनुसार, यह आयोजन क्षेत्र की अटूट आस्था का प्रतीक है और हर वर्ष मोहिनी एकादशी पर परंपरा के रूप में आयोजित किया जाता है।


# तेरापंथ धर्म संघ के वरिष्ठ संत मुनि प्रसन्न कुमार स्वामी का देवलोकगमन

## 48 वर्षों तक संयम, साधना और त्यागमय जीवन; देशभर में शोक की लहर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

तेरापंथ धर्म संघ के वरिष्ठ संत मुनि प्रसन्न कुमार स्वामी का देवलोकगमन हो गया है। उन्होंने भीलवाड़ा में अंतिम सांस लेते हुए अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण की।

मुनि प्रसन्न कुमार स्वामी ने लगभग 24 वर्ष की आयु में संन्यास ग्रहण किया और करीब 48 वर्षों तक संयम, साधना एवं त्यागमय जीवन व्यतीत किया। उनका जीवन अनुशासन, तपस्या और समर्पण की अद्भुत मिसाल रहा। उन्होंने कन्याकुमारी से लेकर पंजाब तक विभिन्न प्रांतों में पदयात्राएं कर धर्म प्रचार और आध्यात्मिक जागरण का कार्य किया।



मुनि श्री पर तेरापंथ धर्म संघ के आचार्य तुलसी, आचार्य महाप्रज्ञ एवं आचार्य महाश्रमण का विशेष सानिध्य एवं आशीर्वाद रहा। वे दृढ़ संकल्प के धनी संत थे और कठिन परिस्थितियों में भी निरंतर साधना में लीन रहे।

शारीरिक कष्ट होने के बावजूद उन्होंने कभी उसे व्यक्त नहीं होने दिया और संयमित जीवन का आदर्श प्रस्तुत किया। उन्होंने हजारों लोगों को आध्यात्मिक मार्ग पर प्रेरित किया।

उनके परिवार में तीन भाइयों ने दीक्षा लेकर संत परंपरा को आगे बढ़ाया, जिनमें मुनि संजय कुमार स्वामी, मुनि प्रकाश कुमार स्वामी एवं मुनि प्रसन्न कुमार स्वामी शामिल हैं।

मुनि श्री के देवलोकगमन पर संत समाज, श्रावक-श्राविकाओं एवं क्षेत्रवासियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# साध्वी यश कंवर के पुण्य स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि, रक्तदान शिविर में 70 यूनिट संग्रह

## 'स्मरण मात्र से ही दूर हो जाती हैं समस्याएं' साध्वी मणि प्रभा

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

कस्बे में श्रवण संघीय साध्वी शिरोमणि राजस्थान प्रवर्तनी शासक प्रभाविका यश कंवर म.सा. का 11वां पुण्य स्मृति दिवस मंगलवार को यश कंवर स्मृति सेवा संस्थान द्वारा तप, त्याग एवं गुणगान दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर साध्वी मणि प्रभा जी म.सा. ने कहा कि साध्वी यश कंवर के स्मरण मात्र से ही व्यक्ति की समस्याओं का समाधान हो जाता है। साध्वी सुमन प्रभा जी म.सा. ने गुरुणी के आध्यात्मिक जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश देते हुए कहा कि जो उन्हें हृदय में धारण करता है, उसके कष्ट स्वतः दूर हो जाते हैं।





कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे नवकार महामंत्र जाप से हुई। इसके बाद 9:15 बजे गुणगान सभा आयोजित की गई तथा दोपहर 12:30 बजे गौतम प्रसादी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम साध्वी मणि प्रभा जी म.सा., साध्वी सुमन प्रभा जी म.सा., साध्वी रुचिका श्री जी म.सा. सहित ठाणा के सानिध्य में सम्पन्न हुआ।

समारोह में समाजसेवी राजेश कुमार रजत पीपाड़ा (भीलवाड़ा) ने अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि के रूप में कमला देवी चौधरी के प्रतिनिधि निर्मल जैन (भीलवाड़ा) एवं मंजू देवी चौधरी (बीगोद) के प्रतिनिधि अमित चौधरी उपस्थित रहे।

श्री महावीर युवक मंडल सेवा संस्थान एवं अरिहंत हॉस्पिटल एंड रिसर्च संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में 70 यूनिट रक्त संग्रह किया गया, वहीं लगभग 300 लोगों की ब्लड व शुगर जांच की गई। कार्यक्रम में संस्थान अध्यक्ष कमलेश बाफना, उपाध्यक्ष शिवकुमार बाफना, अशोक कुमार पगारिया, मंत्री महावीर कुमार बाफना, सह मंत्री सुरेंद्र कुमार पगारिया, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार बाफना सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## QUICK BITES


### मजदूर महासंघ द्वारा मजदूर दिवस पर होगा रक्तदान शिविर आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

मजदूर महासंघ के नेतृत्व में 1 मई मजदूर दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष पन्नालाल चौधरी ने बताया कि संघ द्वारा 1 मई को रिको एरिया, 4 फेज, मंगलम यार्न गोडाउन (पुरानी रोलेक्स) सूरज सिन्थेटिक्स (गोमुर) के पीछे रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 7 बजे से सांय 7 बजे तक किया जा रहा है। जिसमें मजदूर भाईयों के सहयोग से लगभग 1100 यूनिट रक्त संग्रहण का लक्ष्य रहेगा। इस अवसर पर शिविर में कई समाजसेवी एवं प्रबुद्धजन सम्मलित होकर मजदूरों का उत्साह बढ़ायेगें।

### सैनाचार्य अचला नंद गिरी जी महाराज आज भीलवाड़ा में

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,



अचला नंद गिरी जी महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर 29 अप्रैल बुधवार को भीलवाड़ा में भव्य आयोजन किया जाएगा। सैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा उनके स्वागत एवं अभिनंदन की तैयारियाँ जोर-शोर से की जा रही हैं।

यह जानकारी देते हुए राहुल सेन ने बताया की सैनाचार्य अचला नंद गिरी जी महाराज रायका बाघ, जोधपुर से प्रस्थान कर 29 अप्रैल को प्रातः 11 बजे भीलवाड़ा पहुंचेंगे जहां कमला पाम सोसाइटी स्थित कॉन्ट्रैक्टर ओम प्रकाश सेन के आवास पर उनका जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

इस अवसर पर संत स्वागत, पुष्प वर्षा, भजन-कीर्तन एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में सेन समाज के गणमान्यजन, युवा एवं महिलाएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

जन्मोत्सव कार्यक्रम के पश्चात सैनाचार्य अचला नंद गिरी जी महाराज राम गंज मंडी कोटा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### कल्लाजी राठौड़ धार्मिक स्थल पर पांच कुण्डीय महायज्ञ, चौथे दिन दी गई आहुतियां

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



श्री श्री 1008 कल्लाजी राठौड़ दोलजी खेड़ा गांव में आयोजित धार्मिक स्थल पूर्णाहूति कार्यक्रम के तहत मंगलवार को चौथे दिन पांच कुण्डीय महायज्ञ में आहुतियां दी गईं।

यज्ञ आचार्य बनवारी लाल शर्मा गुरुजी एवं नंदलाल नाथ के सानिध्य में संपन्न हुए इस महायज्ञ में 20 जोड़ों ने श्रद्धा के साथ आहुतियां अर्पित कीं। पूरे कार्यक्रम के दौरान धार्मिक वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं की भागीदारी देखने को मिली।

इस अवसर पर पुजारी कैलाश चंद्र, उदयलाल, सूरजमल, जगदीश चंद्र, मदनलाल सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### सावर में 'आपणो खेत-आपणो खाद' अभियान के तहत कृषक गोष्ठी आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ सावर ।



दिलखुश मोटीस

आपणो खेत-आपणो खाद' अभियान के अंतर्गत मंगलवार को सावर क्षेत्र में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर आधुनिक एवं जैविक खेती से जुड़ी जानकारियां प्राप्त की।

गोष्ठी में सहायक कृषि अधिकारी नसीर बेग ने किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि फसलों की बेहतर पैदावार के लिए मिट्टी के अनुसार संतुलित खाद का उपयोग जरूरी है। साथ ही उन्होंने किसानों को सलाह दी कि खेतों में कम से कम दो वर्ष में एक बार हरी खाद अवश्य तैयार करें, जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहती है।

उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा देते हुए बताया कि किसान घर पर ही पशुओं के गोबर से वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट खाद तैयार कर सकते हैं। इसके अलावा प्राकृतिक खेती अपनाने पर भी जोर दिया गया, जिससे लागत कम होने के साथ-साथ भूमि की गुणवत्ता में सुधार होता है।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक बाबूलाल मीणा ने किसानों को मिट्टी जांच के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नियमित रूप से मिट्टी परीक्षण कराने से सही मात्रा में उर्वरक का उपयोग संभव होता है। उन्होंने गर्मी की जुताई के फायदे भी बताए, जिससे खरपतवार नियंत्रण और नमी संरक्षण में मदद मिलती है।

इसके साथ ही कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे कृषि यंत्र अनुदान, पाइपलाइन, फार्म पोंड, तारबंदी योजना एवं जयपुर में आयोजित होने वाले ग्राम कृषक मेले के बारे में भी किसानों को विस्तृत जानकारी दी गई।

गोष्ठी के अंत में किसानों ने खेती से संबंधित समस्याएं साझा कीं, जिनका अधिकारियों ने समाधान प्रस्तुत किया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।